वार्षिक रिपोर्ट

LIBRARY
2321

1981-82

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय
[भारत-सरकार]

विषय सूची

लक्ष्य तथा कार्य	(i)
प्रस्तावना	(ii)
शासी निकाय (शासक मंडल)	(iii)
स्थायी वित्त समिति	(v)
वैज्ञानिक सलाहकार समिति	(vi)
अनुसंधान क्षेत्र	1
रोग लक्षण अनुसंधान	2
रोग लक्षण सत्यापन अनुसंधान	15
औषधि परीक्षण अनुसंधान	17
औषधि मानकीकरण अनुसंधान	18
साहित्य संबंधी अनुसंधान	19
औषधीय पौधों का सर्वेक्षण तथा संग्रहण	20
वैज्ञानिक सूचना सेवा	21
बैठकें, संगोष्ठी, गोष्ठियां और सम्मेलन	22
प्रशिक्षण सेवाएं	23
प्रकाशन	24
अधीनस्थ संस्थान तथा इकाइयां	25
वार्षिक लेखा 1981-82	27

लक्ष्य तथा कार्य

केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को 1860 के सोसाइटी ऐक्ट XXI के अधीन की गई थी और इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं :—

1. होमियोपैथी के लक्ष्यों और कार्यों की रूपरेखा तैयार करना, वैज्ञानिक ढंग से इसके अनुसंधान का स्वरूप निश्चित करना ।
2. होमियोपैथी से संबंधित हर तरह के अनुसंधान अथवा अन्य कार्यक्रम शुरू करना ।
3. अनुसंधान का निष्पादन और इसके लिए सहायता प्रदान करना, रोगों के कारणों, इनके फैलने के तरीकों और रोकथाम से संबंधित प्रायोगिक उपायों के बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार, तथा
4. होमियोपैथी के विभिन्न पहलुओं—आधारभूत और अनुप्रयुक्त से वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू करना, सहायता देना और विकास व समन्वय पर ध्यान देना तथा रोगों के अध्ययन, इनकी रोकथाम व उपचार आदि से संबंधित अनुसंधान वाली संस्था को प्रोत्साहन व सहायता देना ।

प्रस्तावना

केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को 1860 के सोसाइटी ऐक्ट XXI के अधीन की गई है। वास्तव में 10 जनवरी, 1979 को पहले की भारतीय आयुर्विज्ञान और होमियोपैथी की केन्द्रीय अनुसंधान परिषद् का औपचारिक विभाजन हुआ तब से परिषद् स्वतंत्र रूप से कार्य करने लगी।

परिषद् द्वारा निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति इसके द्वारा चलाए जा रही विभिन्न संस्थाओं और एककों से की जा रही है, जिनकी संख्या इस समय 28 है।

कार्यक्रम का निर्धारण, तकनीकी निदेशों का सूत्रीकरण, प्राचलों (पैरामीटरों) का निर्धारण, परिणामों के अध्ययन और मूल्यांकन का कार्य परिषद् के शासी निकाय द्वारा संगठित वैज्ञानिक सलाहकार समिति के कार्य क्षेत्र में हैं।

परिषद अभी आरम्भिक अवस्था में है और इस समय सांख्यिकीय दृष्टि से इसकी उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण देना भी बहुत कठिन है। फिर भी अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययनों से प्राप्त आंकड़े आशाजनक हैं और इनसे होमियोपैथी के अनुसंधान वाली विधियों में बहुत मदद मिली है। यह एक रिक्ति थी कि परिषद् की स्थापना के पूर्व वैज्ञानिक आधार पर संगठित अनुसंधान कार्य नहीं हो रहे थे और होमियोपैथी में अनुसंधान के लिए कोई निश्चित रूपरेखा और मार्गदर्शन नहीं था। परिषद् ने होमियोपैथी में अनुसंधान की निश्चित विधि विकसित की है और अब यह कार्य आधुनिक वैज्ञानिक आधार पर किया जा रहा है।

शासी निकाय (शासक मंडल)

1. मंत्री, — अध्यक्ष
   स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
   भारत सरकार,
   नई दिल्ली।

2. केन्द्रीय राज्य मंत्री, — उपाध्यक्ष
   स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
   नई दिल्ली।

3. सचिव, — सदस्य
   स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
   निर्माण भवन,
   नई दिल्ली।

4. संयुक्त सचिव (आई० एस० एम०) — सदस्य
   स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
   निर्माण भवन,
   नई दिल्ली।

5. संयुक्त सचिव (एफ० ए०) — सदस्य
   स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
   निर्माण भवन,
   नई दिल्ली।

6. डा० दीवान हरीशचंद, — सदस्य
   सलाहकार (होमियोपैथी),
   स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
   1, हनुमान रोड,
   नई दिल्ली।

7. डा० तिलक राज चड्डा, — सदस्य
   104, राजेन्द्र नगर,
   नई दिल्ली।

8. डा० बी० एन० चक्रवर्ती, सदस्य
5, सुवाल कोलय,
हावड़ा, पश्चिमी बंगाल ।

9. डा० एम० कुटुम्बराव, सदस्य
डा० गुरुराजू सरकारी होमियोपैथी
मैडिकल कालेज तथा अस्पताल,
पत्रालय—कृष्णा (आंध्र प्रदेश)

10. डा० बी० एन० पाल, सदस्य
रामघाट,
अलीगढ़ ।

11. डा० डी० एन० प्रसाद, सदस्य
प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष,
फार्मेकोलोजी विभाग,
चिकित्सा महाविद्यालय,
मेरठ (उ० प्र०)

12. डा० आर० एस० द्विवेदी, सदस्य
विज्ञान महाविद्यालय
(कालेज आफ सांइसेज)
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी (उ० प्र०)

13. प्रो० एस० के० वैश, सदस्य
परामर्शदाता,
चिकित्सक तथा हृदय रोग विशेषज्ञ,
एस० एस० एल० अस्पताल,
बनारस हिन्दू विश्वद्यिालय,
वाराणसी (उ० प्र०)

14. निदेशक, सदस्य
राष्ट्रीय होमियोपैथी संस्थान,
कलकत्ता ।

15. डा० वी० टी० अगस्टिन, सदस्य-सचिव
निदेशक,
केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद,
गाजियाबाद (उ० प्र०)

स्थायी वित्त समिति

1. संयुक्त सचिव, अध्यक्ष
प्रभारी (आई० एस० एम),
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली ।

2. संयुक्त सचिव (एफ० ए०) सदस्य
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली ।

3. डा० दीवान हरीशचंद सदस्य
सलाहकार (होमियोपैथी),
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
1, हनुमान रोड,
नई दिल्ली ।

4. डा० वी० टी० अगस्टिन, निदेशक-सदस्य-सचिव
निदेशक,
केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद्,
गाजियाबाद ।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

1. डा० दीवान हरीशचंद, अध्यक्ष
सलाहकार (होमियोपैथी),
भारत सरकार,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

2. डा० एम० सी० बत्रा, सदस्य
1-बी, लैन्डस एण्ड, 29-डी
डांगेरसे रोड,
बम्बई-6 ।

3. डा० टी० पी० ऐलियास, सदस्य
प्राचार्य,
होमियोपैथी मैडिकल कालेज,
कोट्टायम ।

4. डा० एम० कुटुम्बाराव, सदस्य
प्राचार्य,
डा० गुरुराजू सरकारी होमियोपैथी कालेज
तथा हास्पिटल,
गुडीवाड़ा (आंध्र प्रदेश) ।

5. डा० बी० एन० चक्रवर्ती, सदस्य
5-सुबाल कोलय लेन,
हावड़ा (प० बंगाल) ।

6. डा० वी० टी० आगस्टिन, सदस्य
उपसलाहकार (होमियोपैथी),
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

7. निदेशक, सदस्य-सचिव
केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद्
गाजियाबाद (उ० प्र०)

प्रगति रिपोर्ट

1981-82

अनुसंधान के क्षेत्र

1. नैदानिक अनुसंधान
2. नैदानिक अनुसंधान सत्यापन
3. औषधि परीक्षण सम्बन्धी अनुसंधान
4. औषधि मानकीकरण अनुसंधान
5. साहित्य सम्बन्धी अनुसंधान
6. औषधीय पौधों का सर्वेक्षण तथा एकत्रीकरण

रोग-लक्षण अनुसन्धान

परिषद् ने रोग लक्षण अनुसंधान के क्षेत्र में दो प्रकार के अध्ययनों को हाथ में लिया है :औषधि केन्द्रित औ रोग केन्द्रित । औषधि केन्द्रित योजना के अन्तर्गत किसी विशेष गड़बड़ी के महत्त्वपूर्ण चिकित्सीय मान वाली औषधि क परीक्षण किया जाता है ताकि उसके रोगलक्षण की सही तस्वीर का पता लग सके । दूसरी ओर रोग केन्द्रित अनुसंधा योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य और चिकित्सा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण कुछ रोगों का अध्ययन किया जाता है । विशेष बीमारियों में उल्लिखित होमियोपैथिक औषधियों के रोग लक्षण की दृष्टि से रोगजनन और इनके प्रभाव को जानने के लिए इन्हें दिया जाता है । आरम्भ से परिषद् ने अनेक योजनाएं हाथ में ली हैं । इसमें हुई प्रगति इस प्रकार है :

1.1 औषधि केन्द्रित

1.1.1 कृच्छार्तव में जैन्थोजाइलम और विवर्नम ओपुलस लक्षण समूह का रोगलक्षण मूल्यांकन

कृच्छार्तव स्त्री जनन तंत्र का एक सामान्य रोग है । इसके उपचार में होमियोपैथिक चिकित्सा काफी प्रभाव कारी सिद्ध हुई है । यद्यपि इस बीमारी के लिए अनेक होमियो दवाइयां हैं लेकिन साहित्य में कृच्छार्तव के उपचार के लि जैन्थोजाइलम और विवर्नम ओपुलस के आंशिक अध्ययन का उल्लेख है । इन दो औषधियों के प्रभाव को जानने के लि रोगलक्षण परीक्षण किए गये हैं ।

वर्ष 1981-82 के दौरान प्राथमिक कृच्छार्तव के 62 रोगियों की जांच की गई । ये सभी 13-25 वर्ष के आयु वर्ग की एकल महिलाएं थीं । उन्हें दो वर्गों में रखा गया । एक वर्ग को जैन्थोजाइलम और दूसरे को विवर्नम ओपुलस दिया गया । इन औषधियों को 10-20 बूंदों की अलग-अलग मात्राओं में मदर टिंक्चर के रूप में दिया गया ।

परिणाम :

जैन्थोजाइलम : इस वर्ग के 32 रोगियों में से 10 को 75 प्रतिशत आराम मिला । बाकी को 25-75 प्रतिशत आराम मिला, सात को कोई फायदा नहीं हुआ और पांच ने बीच में ही इलाज छोड़ दिया । इनमें से किसी पर भी उल्टा असर नहीं हुआ ।

विवर्नम ओपुलस : इस वर्ग के 30 रोगियों में से आठ को 75 प्रतिशत आराम मिला, 12 को 25-75 प्रतिशत आराम मिला, 6 को कुछ भी आराम न मिला और चार ने बीच में ही दवा छोड़ दी । इनमें से किसी पर भी कुप्रभाव नहीं पड़ा ।

जांच के दौरान यह पाया गया कि अलग-अलग रोगियों को अलग-अलग तरह से फायदा पहुंचा । पाया गया कि दोनों दवाओं को लेने के शीघ्र बाद ऋतुस्राव आरम्भ होने पर सुधार होने लगा । अब तक प्राप्त परिणाम उत्साहजनक रहे, पर पर्याप्त आंकड़ों के अभाव में ये अभी अपूर्ण है । इस पर आगे अभी और कार्य हो रहा है ।

1.1.2 कृमिरोगों के लक्षण समूह पर फिलिक्स मॉस का रोगलक्षण मूल्यांकन

बताया गया है कि कृमिरुग्णता (हैलमिन्थिएसिस) के लक्षण-समूह पर फिलिक्स मॉस नामक होमियोपैथिक दवा

का अच्छा प्रभाव पड़ता है । लेकिन अभी इसका विस्तृत औषधि परीक्षण नहीं हुआ है जो पूर्ण और विस्तृत औषधि रोग-जनन के विकास के लिए आवश्यक है । इसलिए एक पूर्ण रोगलक्षण चित्र प्राप्त करने के लिए उपलब्ध लक्षणों के आधार पर औषधि का रोगलक्षण परीक्षण किया गया ।

उपर्युक्त अवधि के दौरान इस रोग के कुल 58 रोगियों की जांच की गई । इनमें से 28 में विभिन्न प्रकार के आंत्र परजीवियों का पता चला । 30 रोगियों के मल में किसी प्रकार के अंड नहीं दिखाई पड़े, लेकिन इनमें कृमिरुग्णता (हैलमिन्थिएसिस) के चिह्न और लक्षण मौजूद थे । विस्तार के लिए कृपया तालिका-1 देखें ।

तालिका-1

आंत्र परजीवी	रोगियों की संख्या
1. ऐस्केरिस	22
2. हुक्वर्म (अंकुशकृमि)	4
3. ट्राइक्यूरिस ट्राइक्यूरा	1
4. इ० वर्मिकुलेरिस	1
5. अन्य	30

इन सब रोगियों को मदर टिंक्चर दिया गया और दवा की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाई गई । उदाहरणार्थ आरम्भ में पांच दिन तक मदर टिंक्चर की पांच बूंदें दिन में दो बार दी गई । जब कोई आराम न मिला तो अगले पांच दिनों के लिए दस-दस बूंदें दी गई और इस पर भी आराम न होने पर मात्रा बढ़ा कर 15-15 बूंदें कर दी गई । उपचार के दौरान जब भी कुछ सुधार नजर आया तो दवा का प्रयोग बन्द कर दिया गया और सुधार जारी रहने तक रोगी को कूट-भेषज (प्लेसेबो) पर रखा गया । यह परीक्षण 15 दिन से चार माह तक अलग-अलग अवधियों के लिए किया गया । परिणामों के लिए कृपया देखें तालिका-2

तालिका-2

परजीवी	रोगियों की कुल संख्या	75 प्रतिशत और इससे अधिक आराम	25 से 75 प्रतिशत तक आराम	कोई परिवर्तन नहीं	उपचार छोड़ने वालों की संख्या	अधिक खराब हालत वाले रोगी
ऐस्केरिस	22	7	8	4	3	--
हुक्वर्म (अंकुशकृमि)	4	1	1	2	—	—
ट्राइक्यूरिस ट्राइक्यूरिया	1	1	—	—	—	—
इ० वर्मिकुलरिस	1	1	—	—	—	—
अन्य	30	10	9	6	5	—
कुल	58	20	18	12	8	—

अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि यद्यपि उपचार के समय केवल तीन रोगियों की आंतों से एस्केरिस लुम्ब्रीकोयडीज निकले किन्तु 60 प्रतिशत रोगियों को विभिन्न प्रकार से लक्षण सम्बन्धी आराम मिला (तालिका-2)

अपेक्षतया पूर्ण रोगलक्षण औषधि चित्र के उद्देश्य से पर्याप्त आंकड़े प्राप्त करने के लिए अभी अध्ययन जारी है।

1.1.3 मधुमेह पर होमियो विधि द्वारा शक्तिकृत इन्सुलिन का रोगलक्षण परीक्षण

अतिग्लूकोजरक्तता वाले रोगियों पर शक्तिकृत इन्सुलिन के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता में पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य चल रहा है।

आलोच्य वर्ष के दौरान 25 ऐसे रोगियों की जांच की गई, जिनका खाली पेट (एफ) और खाने के बाद (पी पी) रुधिर-शर्करा-स्तर (बी० एस० एल०) सामान्य सीमाओं से अधिक था।

बी० एस० एल० के स्तरों के अनुसार इन्हें दो वर्गों में बांटा गया—क और ख। दो रोगियों को—जिनका (पी० पी०) बी० एस० एल० सामान्य स्तर से ऊपर किन्तु (एफ) बी० एस० एल० सामान्य सीमाओं में था—'क' वर्ग में रखा गया तथा शेष 23 रोगियों को—जिनका (पी० पी०) बी० एस० एल० सामान्य सीमाओं से ऊपर था और जिनका प्रति मधुमेह उपचार हो रहा था, 'ख' वर्ग में रखा गया।

सभी रोगियों में उन सभी दवाओं को बन्द कर देने को कहा गया, जो वे परीक्षण आरम्भ होते समय ले रहे थे। सभी रोगियों को आरम्भ में 30 सी० शक्ति की इन्सुलिन दी गई किन्तु कोई सुधार न होने पर औषधि की शक्ति बढ़ाकर 200 सी० या उससे भी अधिक कर दी गई। औषधि के असर के अनुसार दवा की मात्रा बार-बार दी गई।

परिणाम :

वर्ग-क —वर्ग 'क' के दोनों रोगियों के बी० एस० एल० (पी० पी०) में कमी हुई, जो उपचार के दूसरे महीने में घटकर सामान्य स्तर पर आ गई। इनमें से एक रोगी के लक्षणों में स्पष्ट सुधार हुआ, जबकि दूसरे ने बी० एस० एल० के सामान्य स्तर पर आने के बाद इलाज बन्द कर दिया।

वर्ग "ख"—वर्ग "ख" के 23 रोगियों में से 4 के बी० एस० एल० में कमी आई। जो घट कर क्रमशः चौथे, छठे और आठवें महीने में सामान्य सीमा में हो गयी और लक्षणों की दृष्टि से सुधार भी हुआ।

पांच रोगियों के बी० एस० एल० में सुधार के साथ-साथ 25 से 50 प्रतिशत की कमी हुई। अन्य 4 रोगियों के बी० एस० एल० (पी० पी०) में वृद्धि हुई, यद्यपि उनमें लाक्षणिक सुधार हुआ। पांच रोगियों में कुछ भी सुधार नहीं हुआ। नियमित रूप से दवा न लेने के कारण तीन रोगियों को छोड़ दिया गया।

इस रिपोर्ट के लिखते समय दो रोगियों की जांच जारी थी क्योंकि उनका पंजीकरण आलोच्य वर्ष में बहुत देर में हुआ था।

प्रेक्षण :

अध्ययन के दौरान महत्त्वपूर्ण बात यह देखी गयी कि यह औषधि मुख्य बीमारी यानी अतिग्लूकोजरक्तता को कुछ हद तक ठीक करने में प्रभावकारी है और साथ ही सिर दर्द, चक्कर आना, अश्रुश्रवण, कष्ट श्वास, आध्मान, उदरशूल, प्रान्तों में पीड़ा (हाथ-पैरों में दर्द) भगकण्डू, अनिद्रा आदि के आनुषंगिक लक्षणों को भी ठीक करती है। यह उस होमियोपैथिक सिद्धांत के अनुरूप है कि रोगी व्यक्ति का उपचार होना चाहिए न कि सिर्फ रोग का। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के उद्देश्य से पर्याप्त आंकड़े एकत्रित करने के लिए प्रयास जारी है।

इस सिलसिले में आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.1.4 ट्यूबरकुलिनम का रोगलक्षण परीक्षण :

होमियोपैथी में अनेक प्रकार के रोगों के उपचार के लिए प्रायः ट्यूबरकुलिनम का प्रयोग होता है। यद्यपि इसका पूरे शरीर पर प्रभाव पड़ता है किन्तु श्वसन तंत्र पर यह सबसे अधिक प्रभावकारी है। विशेष रूप से जिन परिवारों में यक्ष्मा (ट्यूबरकुलोसिस) होती है उनमें गठन सम्बन्धी औषधि के रूप में इसका प्रयोग प्रत्येक ऊपरी श्वसन पथ क्षेत्र संक्रमण में किया जाता है। यह बात भी उतनी ही विचित्र है कि इसके अनेक महत्त्वपूर्ण लक्षण रोगलक्षण-प्रेषणों और नियमित परीक्षण द्वारा स्वस्थ मनुष्यों में भी पाए गए हैं। नैदानिक लक्षणों की पुष्टि करने और संभावित नये लक्षणों के प्रेषण के लिए, जो कि प्रकट हो सकते हैं, परिषद् ने ट्यूबरकुलिनम का रोगलक्षण परीक्षण आरम्भ किया। इस अध्ययन से ट्यूबरकुलिनम का अधिक यथार्थ और पूर्ण रोगलक्षण चित्र तैयार करने में सहायता मिली।

इस कार्य के आरम्भिक अवस्थाओं में होने के कारण तथा जिन रोगियों पर परीक्षण किए जा रहे हैं उनकी संख्या कम होने के कारण, अभी तक पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाए हैं। अतः अध्ययन जारी है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

रोग केन्द्रित

1.2.1—रुमैटाइड सन्धिशोध के लक्षण समूह के प्रबन्ध में होमियोपैथिक दवा की भूमिका

रूमैटाइड सन्धिशोध एक व्यापक रोग है और आधुनिक आयुर्विज्ञान में इसके पूर्ण उपचार के लिए कोई दवा उपलब्ध नहीं है। जो उपलब्ध है उनसे सिर्फ लाक्षणिक आराम मिलता है। पुराने रोगियों में विरूपताओं को ठीक करने के लिए शल्य-उपचार भी किया जाता है। होमियोपैथी में इस सर्वाधिक अशक्तकारी रोग का पूर्ण उपचार है और इसमें कोई भी बाद वाला अथवा अनुषंगी प्रभाव नहीं होता। वैज्ञानिक आधार पर इस विशेष रोग की होमियोपैथिक चिकित्सा के उपचारात्मक पहलू को स्थापित करने के लिए परिषद् ने आरम्भ से ही होमियोपैथिक दवाओं के प्रभाव का अध्ययन शुरू किया इस संदर्भ में अभी अध्ययन जारी है।

यद्यपि अब तक प्राप्त परिणाम उत्साहजनक हैं परन्तु पर्याप्त आंकड़ों के अभाव में अभी अपूर्ण हैं। अभी आगे कार्य हो रहा है।

1.2.2 गृध्रसी (शियाटिका) के लक्षण समूह के प्रबन्ध में होमियोपैथिक दवाओं की भूमिका

गृध्रसी तंत्रिकार्ति मानव में पाई जाने वाली अत्यधिक तीव्र पीड़ा है। यह ग्रस्त व्यक्ति को इस सीमा तक असहाय कर देती है कि वह सामान्य कार्य भी नहीं कर सकता।

आधुनिक चिकित्सा पद्धति से अधिकांश रोगियों में केवल अस्थायी लाभ मिलता है और कुछ रोगियों में शल्य क्रिया भी की जाती है। इसके विपरीत होमियोपैथी में इस रोग का पूर्ण उपचार उपलब्ध है। वैज्ञानिक आधार पर उपलब्ध रोगलक्षण आंकड़ों की पुष्टि के लिए परिषद् ने इस रोगलक्षण समस्या का अध्ययन आरम्भ किया है। इसके लिए साहित्य में वर्णित होमियोपैथी दवाओं का उपयोग किया जाता है।

इस अध्ययन के आरंभिक अवस्था में होने और जिन रोगियों पर अनुसंधान हो रहा है उनकी संख्या कम होने के कारण प्राप्त आंकड़े इतने अपर्याप्त हैं कि किसी परिणाम पर नहीं पहुंचा जा सकता। इसलिए अभी अध्ययन जारी है।

1.2.3 श्वसनिका-दमा के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथी औषधियों की भूमिका

नि.श्वसन कष्ट श्वास का बार-बार आक्रमण, खांसी और लेसदार श्लेष्माम थूक का कफोत्सारण (बाहर निकलना) और अबीजिंग श्वसनिकादमा (कृच्छ्श्वसन) के लक्षण हैं। मुख्य रूप से इसे दो वर्गों में बांटा जा सकता है। बाहरी और आन्तरिक। बाहरी दमा सांस में जाने वाले पदार्थों, पराग आदि बाहरी कारणों से होती है और प्रायः जीवन के आरम्भिक वर्षों में ही शुरू हो जाती है। आंतरिक जीवन में बाद के वर्षों में शुरू होती है और जो सामान्यतः अज्ञात हेतुक होती है। आंतरिक दमा का कोई पूर्ण इलाज नहीं है और रोगी को जीवन पर्यन्त इस रोग के साथ जीना पड़ता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति केवल अस्थायी लाक्षणिक आराम पहुंचाती है।

बाहरी दमा के मामले में रोगजन्य ऐलर्जनों का पता लग जाने पर रोगी को यह सलाह दी जाती है कि उनके सम्पर्क में न आएं। इससे कुछ सीमा तक समस्या हल हो जाती है। बचपन में आरम्भ होने वाली बाहरी दमा का पूर्वानुमान लगाना आसान है। इस रोग का आक्रमण कुछ वर्षों बाद अथवा किशोरावस्था में पहुंचने पर बंद हो जाता है। जिन रोगियों में रोग का कारण कई ऐलर्जन होते हैं उनका रोग-मुक्त होना अनिश्चित रहता है।

श्वसनिका दमा से पीड़ित लोगों का इलाज होमियोपैथिक औषधियों से किया जा सकता है। पिछली रिपोर्टों की सत्यता को सिद्ध करने तथा वैज्ञानिक आधार पर अध्ययन करने के लिए परिषद् ने नैदानिक रोग लक्षण समस्याओं का अध्ययन आरम्भ किया।

1981-82 वर्ष के दौरान परिषद् के विभिन्न संस्थानों और इकाइयों में श्वसनिका दमा के लक्षण समूह वाले 1563 रोगी आए। इन संस्थानों में रोगियों की रोगलक्षण समस्या का अध्ययन हो रहा है।

इन 1563 रोगियों में से 464 को काफी आराम मिला (75 प्रतिशत), 468 रोगियों को औसत आराम मिला (25-50 प्रतिशत), 150 रोगियों को कोई आराम न पहुंचा, 409 रोगी एक या दो बार आने पर छोड़ गए। इस रिपोर्ट के तैयार करते समय 112 रोगियों का इलाज चल रहा था और इलाज के दौरान केवल पांच रोगियों की हालत बिगड़ी।

अध्ययन के दौरान देखा गया कि पुरुष और स्त्री दोनों समान रूप से इस रोग से पीड़ित होते हैं और ऐसे रोगी 11-40 वर्ष की आयु के बीच आते हैं।

यह देखा गया कि जिन 133 रोगियों में ट्यूबरकुलर मियाज्म प्रकट हुए उनमें सोरा और साइकोटिक मियाज्म की प्रमुखता थी। चिरकारी रोगियों पर जिन दवाओं का प्रभाव पड़ा वे इस प्रकार हैं : आर्सेनिक एल्बम, एन्टिमनी, टार्टेरिक, एपिस मेलिफिका, आर्सेनिक आयोडाइड, एरेलिया रेसिमोसा ब्लाट्टा आरिएन्टेलिस, कैल्केरिया कार्बोनिकम, कैक्टस ग्रेन्डिफ्लोरस, ड्रोसेरा, ग्रैफाइटीज, हायोसिएमस, इपिकाक, काली बाइक्रेमिकम, लैकेसिस, लाइकेपोडियम, नैट्रम सल्फुरिकम, नक्स वोमिका, फास्फोरस, पल्सेटिला, सौराइनम, पैसिफ्लोरा, सीपिया, सल्फर सेवेडिला, स्पंजिया, सेम्बुकस, सैंगुनेरिया, कैनेडेन्सिस स्किवला, मैरिटिमा, थूजा आक्सिडैन्टेलिस और ट्यूबर कुलिनम।

दमा की उग्र अवस्था में निम्नलिखित दवाओं का प्रयोग किया गया, जिन्हें लेने से आधे घंटे से लेकर 24 घंटे के अंदर आराम पहुंचा। ये दवायें थीं : ऐस्पिडोस्पर्मा मदर टिंक्चर (ϕ) और 3x, एमिल नाइट्रेट 3x, केसिया सोफेरा ϕ और 3x, आर्सेनिक एल्बम 6 सी० और 30 सी०, एकोनाइट नैप्लियस 3x लोबेलिया इन्फलेटा ϕ और 3x, स्टैनम मेटेलिकम 6 सी० और 30 सी०, येरवा सैन्टा ϕ, और एड्रिनेलिन और कार्टिजोन (अल्प शक्ति की)।

यह देखा गया कि जिन रोगियों पर होमियोपैथी इलाज का असर पड़ा उनको लोहित कौशिका अवसादन दर (इ० एस०आर०) और इओसिनोफिल संख्या घटकर लगभग सामान्य अथवा बिलकुल सामान्य हो गई। चूंकि अध्ययन जारी है इसलिए अभी तक कोई भी निष्कर्ष नहीं निकल पाया है।

आगे कार्य चल रहा है।

1.2.4 विवरशोथ (साइनसशोध) के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथी औषधियों की भूमिका

साइनसशोध ऊपरी श्वसन-पथ संक्रमणों की एक सामान्य समस्या है, जिससे हमारे देश में काफी लोग पीड़ित हैं। चिरकारी अवस्था में पहुंचने पर इसका शल्य उपचार करना पड़ता है किन्तु शल्य क्रिया के बाद भी इसके दुबारा

होने की संभावना रहती है। होमियोपैथी चिकित्सा को ऊपरी श्वसन-पथ के संक्रमण, विशेष रूप से चिरकारी प्रकृति संक्रमण के उपचार में अत्यंत उपयोगी पाया गया है और इससे चिरकारी साइनसशोध का पूर्ण इलाज संभव है। वैज्ञानि आधार पर प्रकाशित आंकड़ों की पुष्टि के लिए परिषद् ने अन्य श्वसन-पथ संक्रमणों के साथ-साथ साइनस से पीडि लोगों के इलाज में होमियोपैथिक दवाओं के प्रभाव का अध्ययन आरम्भ कर दिया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान चिरकारी साइनसशोध के अध्ययन के लिए 34 रोगियों का पंजीकरण किया गय इनमें से तीन का पूर्ण इलाज हुआ, 9 में विशेष सुधार हुआ, 5 में बहुत कम और तीन में कोई सुधार नहीं हुआ। छोड़कर चले गये और इस रिपोर्ट के तैयार करने तक एक रोगी का मूल्यांकन करना शेष था क्योंकि उसका पंजीक वर्ष के अंत में हुआ। इस रिपोर्ट के तैयार होने तक उपर्युक्त एवं सब रोगियों की अनुवर्ती कार्यवाही शेष थी ताकि की प्रगति या रोग के पुनः होने की जांच की जा सके।

आगे का कार्य जारी है।

1.2.5 नासाशोध के लक्षण समूह के संबंध में होमियोपैथिक दवाओं की भूमिका

नासाशोध ऊपरी श्वसन-पथ संक्रमण का एक सामान्य रोग है। समय पर इसका उपचार न कराने साइनस शोध, ग्रसनी शोध, स्वरयंत्र शोध, श्वसनिका शोध आदि कई बीमारियां हो जाती हैं। नासाशोध के उपचार और उसके उपद्रवों को रोकने में होमियोपैथी उपचार अत्यंत प्रभावकारी सिद्ध हुआ है। रोगलक्षण सम्बन्धी आंकड़ों एकत्रित करने और होमियो साहित्य में उल्लेखित उनके लक्षणों के संस्थापन के लिए परिषद् ने नासाशोथ पर होमियोपै दवाओं के प्रभाव का अध्ययन किया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान नासाशोथ के अध्ययन के लिए 220 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें 55 रोगमुक्त हो गए, 61 को काफी फायदा हुआ, 28 को थोड़ा फायदा हुआ, 4 को कुछ भी फायदा नहीं हुआ, 6 छोड़कर चले गए और इस रिपोर्ट के आते समय तक 4 का इलाज चल रहा था। अब तक प्राप्त परिणाम उत्साहवर्ध हैं किन्तु पूर्ण नहीं हैं।

1.2.6 तुण्डिकाशोथ (टान्सिलाइटिस) के लक्षण-समूह के प्रबंध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

तुण्डिकाशोध भी विशेष रूप से बचपन में होने वाली एक आम संक्रमण है। इसमें प्रायः काफी प्रतिशत संक्रम ऊपरी श्वसन-पथ का होता है। होमियोपैथी में इस संक्रमण का काफी अच्छा इलाज है जिसके कारण कई मामलों शल्य क्रिया से बचा जा सका है। उग्र तथा चिरकारी टान्सिलइटिस में होमियोपैथी औषधियों की उपचारात्मक प्रभा शीलता स्थापित करने के लिए परिषद् ने तुण्डिकाशो परक्ष इन औषधियों के प्रभाव के मूल्यांकन का कार्य हाथ लिया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान इस रोग के अध्ययन के लिए 103 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें पांच लक्षणमुक्त हो गए, 30 में पर्याप्त सुधार हुआ, 20 में बहुत कम सुधार हुआ, 39 ने इलाज जारी नहीं रखा छोड़कर चले गए और 9 रोगियों का मूल्यांकन करना रिपोर्ट बनाते समय तक शेष था। निष्कर्ष वाले आंकड़े प्राप्त के लिए कार्य जारी है।

1.2.7 मानसिक रोगों (व्यवहार संबंधी गड़बड़ियां) के प्रबन्ध में होमियोपैथी औषधियों की भूमिका

होमियोपैथी औषधियां, जो कि गतिशीलता वाले स्तर पर काम करती हैं, मानसिक विकारों के उपचार अत्यंत उपयोगी पाई गई हैं; आधुनिक चिकित्सा पद्धति में इन विकारों के लिए उपचार और प्रबन्ध अपेक्षित है और

तरह इन्हें किसी भी दृष्टि से मामूली नहीं कहा जा सकता। मानसिक विकारों में सीजोफ्रेनिया और चिंता विक्षिप्ति रोगियों की संख्या काफी होती है। अतः इन विकारों में होमियोपैथी औषधियों की प्रभावशीलता को जानने के लिए क्षेत्रीय होमियोपैथी अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में कार्य हो रहा है। इस संस्थान में मानसिक विकारों से ग्रस्त रोगियों के लिए अंतरंग और बहिरंग दोनों प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

आलोच्य वर्ष के दौरान संस्थान में सीजोफ्रेनिया और चिन्ता विक्षिप्ति के 373 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें से 120 का अंतरंग रोगी विभाग में और 253 का बहिरंग विभाग में अध्ययन किया गया।

इनमें से 85 रोगियों को 75 प्रतिशत आराम मिला, 33 को कुछ भी फायदा नहीं मिला, एक की हालत इलाज के दौरान बिगड़ गई, 130 इलाज छोड़ गए और इस रिपोर्ट के आते समय तक 33 रोगियों का प्रेक्षण जारी था। इसलिए उनकी प्रगति का मूल्यांकन नहीं हो सका।

आगे कार्य जारी है।

1.2.8 मिरगी (एपिलेप्सी) के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथी औषधियों की भूमिका

मिरगी रोग प्रमस्तिष्क के कार्य की गड़बड़ी का रोग है, और चेतना सम्बन्धी गड़बड़ी तथा आक्षेप इसके अभिलक्षण हैं। दीर्घकालीन उपचार के अतिरिक्त इसमें सामाजिक मनोवैज्ञानिक देखभाल की भी आवश्यकता होती है और इसमें अनेक अवांछनीय अनुषंगी और अनुवर्ती प्रभाव होते जाते हैं। ऐसा दावा है कि होमियोपैथिक औषधियों द्वारा मिरगी संलक्षण का पूर्ण इलाज किया जा सकता है किन्तु साहित्य में चर्चित इन दावों का सत्यता की वैज्ञानिक आधार पर पुष्टि करने की आवश्यकता है। इसलिए परिषद् ने मिरगी में होमियोपैथी औषधियों के प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए अध्ययन आरम्भ किया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान अध्ययन के लिए 17 रोगियों का पंजीकरण किया गया जिनमें से 7 को काफी आराम मिला, 4 को थोड़ा-थोड़ा आराम मिला, 4 इलाज छोड़ गए और इस रिपोर्ट के आने तक दो पर प्रेक्षण चल रहा था क्योंकि उनका पंजीकरण वर्ष के अंत में हुआ।

आगे कार्य जारी है।

1.2.9 रुमेटी ज्वर/सन्धिशोथ के लक्षण समूह के प्रबंध से होमियोपैथी औषधियों की भूमिका

रूमेटी ज्वर और सन्धिशोध संलक्षण स्ट्रैप्टोकाक्स पायरोजनों के संक्रमण का उपद्रव है और पूरे शरीर के संयोजी ऊतकों पर इनका असर होता है। इसमें हृदय और संधियां या जोड़ विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। यह रोग बचपन और किशोरावस्था में अधिक होता है। 90 प्रतिशत रोगी 5-15 वर्ष की आयु के बीच के होते हैं। यदि समय पर उपचार न किया जाए तो इससे हृदयपेशियों में द्विकपर्दी संकीर्णता जैसी विरूपता उत्पन्न होती है और साथ ही हृदयावरणशोथ (पैरिकार्डाइटिस) और रक्ताधिक्य हृद्पात जैसे विकार भी उत्पन्न हो जाते हैं। दीर्घकालीन विकार के रूप में रुमेटिक संधिशोध बहुत सामान्य अनुगम है।

होमियो-साहित्य में रूमेटी ज्वर और संधिशोध तथा इसके उपद्रवों के उपचार के लिए आवश्यक प्रभावकारी होमियो औषधियों के बारे में जानकारी है। उपलब्ध आंकड़ों की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए परिषद् ने इस रोग-लक्षण सम्बन्धी समस्या का अध्ययन आरम्भ किया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान रूमेटी ज्वर और संधिशोथ से पीड़ित 77 रोगियों का अध्ययन किया गया। इनमें 4 को 75 प्रतिशत आराम मिला, 52 को 25-75 प्रतिशत आराम मिला, 21 रोगियों ने बाद में आना बंद कर दि इसलिए उनका उपचार छूट गया। इस रिपोर्ट के आने तक उन सब लोगों का उपचार और प्रेक्षण जारी था जो नियमि रूप से इलाज करवा रहे थे।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.10 मध्यकर्णशोध (ओटाइटिस मीडिया) के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

मध्यकर्णशोध कान का एक ऐसा रोग है, जिसमें मध्य कर्ण विदर में उग्रप्रकार का सपूय शोध या सूजन जाती है। यह रोग स्ट्रेप्टोकाक्स हीमोलिटिका, स्टैफिलोकाक्स आरियस और नीमोकाक्स आदि पूयजनक जीवों के कार उत्पन्न होता है। यह बचपन में ऊपरी श्वसनपथ संक्रमण अथवा स्कारलेट ज्वर जैसे विस्फोटक ज्वर, खसरा आदि उपद्रव के कारण होता है। ज्वर के साथ कान में दर्द, साफ न सुनाई पड़ना और कान से पस का निकला इसके अभिलक्ष हैं। सामान्यतः यह एक उग्र संक्रमण है किन्तु समय पर ठीक ढंग से उपचार न होने पर यह चिरकारी रोग बन जाता है आधुनिक चिकित्सा पद्धति में इसके लिए प्रतिजैविक उपचार है जिससे आस्राव को रोकने और लक्षणों को कम करने सहायता मिलती है। किन्तु हाल में पता चला है कि इनके कारण कुछ अवांछनीय अनुषंगी तथा अनुवर्ती प्रभाव होते हैं जन संक्रमण चिरकारी अवस्था में पहुंच जाता है और भयंकर विकृतिजन्य परिवर्तन हो जाते हैं तो उसे ठीक करने के लि शल्य क्रिया की जाती है। इन उपचारों से रोगी का पूर्ण इलाज नहीं हो पाता और इनसे केवल अस्थायी आराम मिल है और निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि रोग दुबारा नहीं होगा। दूसरी ओर होमियोपैथक साहित्य के अनुसार इ पद्धति में मध्यकर्णशोध का पूर्ण इलाज है। उपलब्ध आंकड़ों की सत्यता स्थापित करने और अंतिम आंकड़े प्राप्त करने उद्देश्य से परिषद् ने प्रगति के मूल्यांकन के लिए निश्चित पैरामीटर के साथ वैज्ञानिक आधार पर अध्ययन आरम् किया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान मध्यकर्णशोध के 45 रोगियों का अध्ययन के लिए पंजीकरण किया। इनमें से 3 लक्ष मुक्त हो गये, 9 को बहुत फायदा पहुंचा, [illegible] को कम फायदा पहुंचा, अध्ययन के दौरान 3 को कुछ भी फायदा न पहुंचा 22 ने नियमित रूप से इलाज नहीं करवाया और वे इलाज छोड़ गए। अब तक प्राप्त आंकड़े किसी परिणाम पर पहुंच के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

अध्ययन जारी है।

1.2.11 स्वरयंत्रशोथ (लैरिन्जांइटिस) के लक्षण-समूह के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

यह रोग स्वरयंत्र की श्लेष्माकला का उग्र प्रकार का शोथ है और श्वसन वाइरसों अथवा जीवाणुओं द्वारा उत्पन्न श्वसन पथ संक्रमण के रूप में होता है। यह गैस अथवा फ्यूमस के अत: श्वसन, स्वर-अभिघात, ठंड लगने अथवा बहुत अधिक धूम्रपान करने से भी हो जाता है और क्षोभकारी खांसी (कफ) तथा आवाज का भारीपन इसके अभिलक्षण हैं। रोग की उग्र अवस्था में ज्वर के साथ-साथ निगरण कष्ट और घबराहट होती है। अन्य प्रकार के ऊपरी श्वसन-पथ संक्रमणों के साथ-साथ परिषद् ने स्वरयंत्र शोध में होमियो औषधियों के प्रभाव का अध्ययन आरम्भ किया है।

अब तक जिन रोगियों का अध्ययन किया गया है उनकी संख्या बहुत कम होने के कारण किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है।

कार्य जारी है।

1.2.12 खल्वाटता (एलोपेसिया) के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

यह योजना हाल में ही हाथ में ली गई है। कम लोगों में होने के कारण अब तक बहुत कम रोगी पंजीकृत हुए हैं। निष्कर्ष सम्बन्धी आंकड़े प्राप्त करने के उद्देश्य से अध्ययन जारी है।

कार्य प्रगति पर है।

1.2.13 घट्टों, मस्सों के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

इस योजना को हाल ही में हाथ में लिया गया है इसलिए पंजीकृत रोगियों की संख्या इतनी नहीं कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके।

कार्य प्रगति पर है।

1.2.14 त्वक्शोध के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

त्वचा के रोगों के लिए होमियोपैथी में अनेक अच्छी-अच्छी दवाइयां हैं। त्वचा के संक्रमणों से उत्पन्न अनेक असाध्य रोगों का पूर्ण इलाज इसमें हुआ है। वैज्ञानिक आधार पर रोगलक्षण संबंधी आंकड़े एकत्रित करने के लिए परिषद् ने त्वक्शोध का अध्ययन हाथ में लिया है। इसके लिए उन रोगियों का पंजीकरण किया गया जो एक्जीमा, सोरिएसिस, त्वचा की एलर्जी आदि से सम्बद्ध वर्गों में नहीं आते।

आलोच्य वर्ष में त्वक्शोध के 127 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें से 35 को काफी आराम मिला, 48 को कम आराम मिला, 10 को कोई आराम न मिला, 22 उपचार छोड़ गए और इस रिपोर्ट के आते समय तक 12 का प्रेक्षण चल रहा था।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.15 सोरियासिस के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

अध्ययन के लिए यह योजना भी हाल ही में हाथ में ली गई है और अब तक इस रोग के बहुत कम रोगियों का पंजीकरण हुआ है। पर्याप्त आंकड़े प्राप्त करने के लिए अध्ययन जारी है ताकि किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके।

1.2.16 एक्जीमा के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

यह एक ऐसी त्वचा विक्षति है, जिसमें होमियोपैथी ने उत्तम कार्य किया है और कुछ का चामत्कारिक उपचार हुआ है।

आलोच्य वर्ष के दौरान एक्जीमा के अध्ययन के लिए 76 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें से 37 को काफी आराम मिला, 16 को थोड़ा आराम मिला, 2 को कोई आराम न मिला, 15 रोगी इलाज छोड़ गए और इस रिपोर्ट के आते समय तक 6 का प्रेक्षण जारी था। अब तक प्राप्त परिणाम उत्साहजनक हैं किन्तु अपूर्ण हैं इसलिए अध्ययन जारी है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.17 एलर्जी-त्वक् विकारों के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

एलर्जी-त्वक्शोध, सहित अनेक ! कार के त्वक् विकारों में होमियो औषधियां विशेष रूप से उपयोगी पाई हैं। जहां तक एलर्जी त्वक्शोध का सम्बन्ध है होमियो-औषधियों द्वारा पूर्ण उपचार होने की पुष्टि करना अभी क्योंकि दृश्य त्वचा विक्षतियों के दीर्घकालीन चिह्न एलर्जी-त्वचा विकारों के सामान्य लक्षण हैं। एलर्जी-त्वचा-विकार होमियो औषधियों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए परिषद् ने इंगित होमियो औषधियों के साथ अध्ययन का काम आरम्भ किया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान अध्ययन के लिए कुल 606 रोगियों का पंजीकरण हुआ। इनमें से 166 को काफी मिला, 45 को बहुत कम आराम मिला, 45 छोड़कर चले गए और इस रिपोर्ट के आते समय तक 8 का प्रेक्षण चल था। दीर्घकाल तक अध्ययन कार्य चलने के कारण जबकि रोगियों का कई वर्षों तक प्रेक्षण करना होता है, इस समय निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.18 मधुमेह के प्रबंध में होमियो औषधियों की भूमिका

मधुमेह एक प्रकार का चयापचयी विकार है। अति ग्लूकोजरक्तता और शर्करामेह इसके अभिलक्षण हैं। नैदानिक चिकित्सा पद्धति में इस रोग का कोई पूर्ण इलाज नहीं है। इस पद्धति में प्रति मधुमेही औषधियों, आहार नियंत्रण आदि विविध उपायों द्वारा सिर्फ रुधिर शर्करा स्तर का नियंत्रण किया जाता है। ऐसा देखा गया है कि कई होमियो-औषधियों द्वारा इस रोग से छुटकारा मिल जाता है लेकिन उपलब्ध आंकड़ों की पुष्टि वैज्ञानिक रोगलक्षण परीक्षणों द्वारा होना आवश्यक है। इसलिए परिषद् ने होमियो-औषधियों द्वारा मधुमेह के उपचार और प्रबंध का कार्य आरम्भ किया है।

आलोच्य वर्ष में इस रोग के 65 रोगियों का पंजीकरण हुआ। इनमें से 15 के चिह्न और लक्षणों में लाभ मिला, 15 को कोई आराम न पहुंचा, 1 रोगी की हालत बिगड़ गई, 18 का अध्ययन छोड़ दिया गया, और रिपोर्ट के आते समय तक 16 प्रेक्षणाधीन थे क्योंकि इन लोगों को आलोच्य वर्ष के अंत में अध्ययन के लिए शामिल किया गया था।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.19 गर्भाशय ग्रीवाशोथ (सर्विसाइटिस) और गर्भाशय-ग्रीवा अपरदन के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका

स्त्री रोगों में ये दो विकार काफी अधिक पाए जाते हैं। हाल ही में परिषद् ने इन विकारों में इंगित होमियो औषधियों के प्रभाव को जानने के लिए अध्ययन आरम्भ किया है। अब तक इन विकारों के लिए बहुत कम रोगियों का पंजीकृत होने के कारण किसी निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं हो सका है। फिर भी अब तक प्राप्त परिणाम उत्साहवर्धक हैं।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.20 मलेरिया के प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका

हाल में परिषद् ने मलेरिया के उपचार और प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका का अध्ययन आरम्भ किया है। अध्ययन आरम्भिक अवस्था में होने के कारण अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.21 फाइलेरिया रोग के प्रबंध में होमियोपैथिक-औषधियों की भूमिका

यह योजना भी परिषद् ने हाल ही में हाथ में ली है। प्राप्त परिणाम उत्साहवर्धक हैं किन्तु किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए अपर्याप्त है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.22 अभीवता के प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका

यह रोग देश के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आंत्रपथ का सर्वाधिक पाया जाने वाला रोग है। ऐसा कहा गया है कि इसके उपचार में अनेक होमियो-औषधियां उपयोगी सिद्ध हुई हैं। अभीवता के उपचार और प्रबंध में होमियो-औषधियों के प्रभाव का अध्ययन परिषद् के अंतर्गत हो रहा है। अब तक अभीवता के बहुत कम रोगियों के पंजीकृत होने के कारण किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.23 पेचिस के प्रबंध में होयियो-औषधियों की भूमिका

जठरांत्र पथ के विकारों में होमियो-औषधियां बहुत उपयोगी सिद्ध हुई हैं। पेचिश पूरे देश में समान रूप से पाया जाने वाला रोग है। इसके उपचार के लिए इंगित होमियो-औषधियों का परीक्षण किया गया ताकि वैज्ञानिक आधार पर उपलब्ध आंकड़ों की सत्यता की पुष्टि हो सके।

आलोच्य वर्ष के दौरान परीक्षा के लिए 112 रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें से 72 रोगमुक्त हो गए, 36 को अलग-अलग मात्रा में आराम मिला, 4 बीच में छोड़कर चले गए। अध्ययन जारी है और उसके पूरा होने के बाद ही किसी परिणाम पर पहुंचा जा सकेगा।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.24 कनफेड (मम्पस) के प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका

यह विषाणु द्वारा उत्पन्न बिन्दुक संक्रमण है जो मुख्यतः स्कूली बच्चों तथा किशोरों में होता है। इसमें पैरोटिड और अन्य लार ग्रंथियां सूज जाती हैं और साथ ही व्याकुलता, ज्वर, हनुस्तम्भ और जबड़ों के कोण पर दर्द होने लगता है। यदि समय पर ठीक ढंग से इसका उपचार न किया जाए तो बहुधा सुदम अपूतिक मस्तिष्कावरणशोध हो जाता है। अग्र शोध-ज्वर मे होमियोपैथी अत्यंत उपयोगी पाई गई है चाहे वह जीवाणुओं. विषाणुओं के कारण हुआ हो अथवा किसी अन्य कारण से हुआ हो। कनफेड के प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका ज्ञात करने के लिए परिषद् ने हाल ही में रोगलक्षण अध्ययन आरम्भ किया है। अब तक प्राप्त परिणाम आशाजनक हैं किन्तु पर्याप्त आंकड़ों के अभाव में अपूर्ण हैं।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.25 परिसर्प (हर्पीज) के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका

यह रोग जोस्टर/वेरिसिला विषाणु द्वारा उत्पन्न तंत्रिका तंत्र का संक्रमण है और इसमें ग्रस्त तंत्रिकाओं के त्वक् वितरण में पुटिकीय विस्फोट होता है। यह किसी भी आयु में हो सकता है किन्तु वयस्कों में अपेक्षाकृत अधिक होता है।

इसके आरंभ होते समय तंत्रिका पीड़ा, स्थानीय अतिसंवेदिता और ज्वर आता है और उसके बाद त्वक् विस्फोट होता है होमियो औषधियों के प्रभाव को आंकने के लिए परिषद् ने हॉल में परिसर्प (हर्फीज) के उपचार और प्रबंध हेतु अध्ययन आरम्भ किया है। अध्ययन आरम्भिक अवस्था में होने और पंजीकृत रोगियों की संख्या कम होने के कारण अभी निष्कर्ष परिणाम पर पहुंचना संभव नहीं है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

1.2.26 **संक्रमणी यकृत् शोध के प्रबंध में होमियो-औषधियों की भूमिका**

यह अज्ञात विषाणु तथा विषाणुओं के कारण होने वाला यकृत का उग्र प्रकार का शोध है। यह प्रायः पूर्ण संक्रमण के रूप में होता है किन्तु कभी-कभी महामारी का रूप ले लेता है। परिषद् ने संक्रमणी यकृत शोथ के उपचार और प्रबंध में होमियो-औषधियों के प्रभाव का अध्ययन आरम्भ किया है। प्राप्त परिणाम उत्साहवर्धक रहे हैं किन्तु अभी तक बहुत कम रोगियों का अध्ययन किए जाने के कारण किसी परिणाम पर नहीं पहुचा जा सका है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

2 रोगलक्षण सत्यापन अनुसंधान

होमियोपैथी में औषधि विकृतिजनन का रोगलक्षण सत्यापन उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना स्वस्थ मनुष्यों में औषधियों का आरम्भिक परीक्षण, क्योंकि जब तक किसी परीक्षण के दौरान प्राप्त चिह्न और लक्षणों की रोगलक्षण अनुप्रयोगों द्वारा बार-बार पुष्टि न की जाए उन पर विश्वास नहीं किया जा सकता और उनके आधार पर कोई भी नुस्खा नहीं बनाया जा सकता। यह उन औषधियों के मामले में और भी आवश्यक हो जाता है जो या तो होमियोपैथिक मैटेरिया मैडिका में हाल ही में शामिल की गई हो अथवा जिनका परीक्षण पर्याप्त रूप में न हुआ हो और जब उनका पूर्ण औषधि चित्र (औषधि-लक्षण) प्राप्त न हो। बाद वाले मामलों में रोगलक्षण सत्यापन से न केवल उपलब्ध आंकड़ों की पुष्टि करने में सहायता मिलती है बल्कि औषधि से सम्बन्धित अतिरिक्त रोगलक्षण चिह्न और लक्षण भी प्राप्त होते हैं। इस तरह यह विधि अपेक्षाकृत पूर्ण औषधि चित्र प्रस्तुत करने में बहुत सहायक होती है।

2.1 रोगलक्षण सत्यापन-अनुसंधान के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने इसे अपने आरम्भ काल से ही दीर्घकालीन परियोजना के रूप में लिया और सत्यापन कार्य करने के लिए गाजियाबाद में एक इकाई (यूनिट) की स्थापना की। आरम्भ में परिषद् ने उन औषधियों का अध्ययन आरम्भ किया जिनके परीक्षण का कार्य पहले केन्द्रीय भारतीय औषधि तथा होमियोपैथी अनुसंधान परिषद् के अधीन होता था। ये दवाइयां थीं काली म्यूरिएटिकम, एब्रोमा आगस्टा, बैरायटा आयोडैटा और केसिया सफेरा।

2.2 परिषद ने आंशिक रूप से परीक्षित निम्नलिखित औषधियों का सत्यापन और लाक्षणिकी का कार्य भी अपने हाथ में लिया है :—

1. एसिड बैन्जोइकम
2. एगल मारमेलास
3. एगल फोलिया
4. एब्रोमा रेडिक्स
5. एकेलाइफा इंडिका
6. बरबेरिस एक्विफोलियम
7. वोराविया डिफ्येजा
8. बरबेरिस वल्गेरिस
9. बैसिलिनम
10. ब्लैटा ओरिऐन्टेलिस
11. केरिका पपाया
12. कैलोट्रोपिस जाइगैन्टिका

13. सेफैलेन्ड्रा इंडिका
14. एम्बेलिया राइबेस
15. हाइड्रोकोटाइलएसिएटिका
16. जस्टीसिया एधेटोडा
17. जेवोरैन्डी
18. जिमेनेमा सिल्वेस्ट्रिस
19. निक्टैन्थीज आर्बोरट्रिस्टिस
20. सारसपरिला
21. सराका इंडिका

अपेक्षाकृत पूर्ण औषधि चित्र प्रस्तुत करने के उद्देश्य से परीक्षण के समय प्राप्त चिह्नों और लक्षणों की पुष्टि के लिए तथा नए नैदानिक चिह्नों और लक्षणों को ज्ञात करने के लिए पर्याप्त संख्या में रोगियों की आवश्यकता है। उपर्युक्त औषधियों पर कार्य पूरा हो जाने पर रोगलक्षण जानकारी प्रकाशित की जायेगी। इन औषधियों पर कार्य पूरा हो जाने पर दूसरी औषधियों, विशेषत: देशज औषधियों पर कार्य आरम्भ किया जाएगा।

3 औषधिपरीक्षण अनुसन्धान

वास्तव में औषधि परीक्षण अनुसंधान का काम पहले की भारतीय चिकित्सा और होमियोपैथी के अनुसंधान की केंद्रीय परिषद् के समय से ही चल रहा है। परिषद् ने अपनी दीर्घकालीन अनुसंधान योजना के अंतर्गत इस क्षेत्र में कार्य आरम्भ किया है क्योंकि होमियोपैथी मैटेरिया मैडिका के निर्माण में इसका महत्त्व है और जिस पर होमियोपैथी नुस्खे आधारित रहते हैं। इसके अलावा होमियोपैथी औषधियों का परीक्षण करना एक धीमा और दीर्घकालीन काम है क्योंकि उसमें विभिन्न स्थानों में और विभिन्न आयु वर्ग के दोनों लिंगों के अनेक लोगों पर परीक्षण करना पड़ता है। इस संबंध में केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली तथा कोट्टायम और गाजियाबाद, मिदनापुर, भागलपुर, कलकत्ता तथा लखनऊ के इन पांच औषधि परीक्षण अनुसंधान एककों में कार्य हो रहा है। इसका अध्ययन ड्राइसडेल के द्विअंध विधि (डबल ब्लाइन्ड मैथड) द्वारा किया जाता है। परिषद् मुख्यालय क्रमशः वास्तविक प्रूवरों और नियंत्रकों के लिए कोडित औषधि और तदनुरूप कूटभेषज (प्लेसेबो) प्रस्तुत करता है। संस्थान अथवा इकाई के वैज्ञानिक और प्रूवर उन दवाइयों का नाम नहीं जानते जिनका परीक्षण किया जाता है। समबद्ध संस्थानों और इकाइयों से आंकड़े प्राप्त होने पर उनका पूरी सावधानी के साथ परिषद् मुख्यालयों में प्रक्रमण और विश्लेषण किया जाता है। इसके बाद ही औषधि को चिकित्सा के लिए स्वीकृत माना जाता है।

3.1 परिषद ने अब तक एब्रोमा आगस्टा, बैरोयटा आयोडेटा, कैसिया सोफेरा, सायनोडान डैक्टिलान और काली म्यूरिएटिकम पर औषधि परीक्षण अनुसंधान रिपोर्ट प्रकाशित की है।

3·2 आलोच्य वर्ष के दौरान गाजियाबाद, मिदनापुर और लखनऊ स्थित औषधि परीक्षण अनुसंधान एककों में, सातवां परीक्षण का क्रम पूरा किया गया है। छठे कार्यक्रम पर क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली और औषधि परीक्षण अनुसंधान एकक, कलकत्ता और सातवें पर केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता में काम हो रहा था।

परिषद् के मुख्यालय में प्राप्त आंकड़ों का प्रक्रमण और विश्लेषण हो रहा है और काम पूरा होने पर उन्हें प्रकाशित कर दिया जायेगा।

अनुसंधान के इस क्षेत्र में कार्य प्रगति पर है।

4 औषधिमानकीकरण अनुसन्धान

औषधि मानकीकरण अनुसंधान भी परिषद् का एक महत्वपूर्ण दीर्घकालीन कार्यक्रम है। शक्तिकृत होमियो औषधियों को बनाने में प्रयुक्त कच्चे और तैयार उत्पादों (मदर टिंक्चर) के भेषज अभिज्ञान, भौतिक रासायनिक और भेषज गुण विज्ञानी मानकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने इस क्षेत्र में अनुसंधान का कार्य हाथ में लिया है। इस क्षेत्र में होने वाला अनुसंधान धीमा किन्तु आशाजनक है क्योंकि मानकीकृत उत्पादों से समान रूप से मानकीकृत होमियो औषधियां प्राप्त होती हैं। वास्तव में परिषद् देश में संगठित और वैज्ञानिक ढंग से काम करने वाली पहली संस्था थी।

आलोच्य वर्ष में परिषद् ने अनेक औषधियों के मामलों में, जिनमें से अधिकांश देशज हैं, मानकीकरण कार्य आरंभ किया है। विस्तृत विवरण इस प्रकार है :—

4.1 एनाकार्डियम आक्सिडेन्टेल, काफिया क्रूडा, हाइड्रोकोटाइल एसिएटिका, कैप्सिकम अन्नूम, सालेनम नाइग्रम, वर्बेसकम थैप्सस, सेन्टेला एशियाटिका, आसिमम सेंकटम, विथेनिया। सोमनिफेरा, टर्मिनेलिया अर्नुना, सिन्कोना आफिसिनेलिस, बोराविया डिफ्यूजा का भेषज अभिज्ञानी मानकीकरण कार्य पूरा हो चुका है।

4.2 निम्नलिखित औषधियों का भौतिक रासायनिक मानकीकरण कार्य भी पूरा हो चुका है :

आइवेरिस अमारा, सोलेनम जैन्थोकार्पम, एनाकार्डियम अक्सिडेन्टेल, कैप्सिकम एन्नम, सिन्कोना आफिसिनेलिस, सोलेनम नाइग्रम, वर्बेसकम थैप्सस, विथेनिया सोमनीफरा, चिनोपोडियम, एगेल मार्मेलास, ऐगावे अमेरिकाना, बोराविया डिफ्यूजा और एकेलाइफा इंडिका।

4.3 निम्नलिखित औषधियों का भेषज गुणविज्ञानी मानकीकरण कार्य अभी प्रगति पर है : एनाकार्डियम आक्सिडेन्टेलिस, काफिया क्रूडा, हाइड्रोकोटाइल एसियाटिका, कैप्सिकम एन्नम, सिन्कोना आफिसिनेलिस और वर्बेसकम थैप्सस। परिषद् का प्रस्ताव है कि कार्य पूरा होने पर उन सभी औषधियों के पूर्ण मोनोग्राफ प्रकाशित किए जाएंगे जिन पर कि कार्य चल रहा है।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

5. साहित्य सम्बन्धी अनुसन्धान

परिषद् ने दीर्घकालीन परियोजना के रूप में साहित्य संबंधी अनुसंधान का कार्य आरम्भ किया है। अलग अलग उपलब्ध सूचनाओं का संकलन करना और उनका प्रसार करना इसका एक मुख्य अंग है। अनुकूलतम और सामयिक उपयोग के लिए प्राप्त आंकड़ों का संशोधन और उन्हें अद्यतन बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

5.1 परिषद् ने आरंभ से ही केन्ट-रेपर्टरी का पुनरीक्षण और संशोधन का कार्य हाथ में लिया है जो पूरी दुनिया में किया गया विशाल, चिरस्थायी और सर्वाधिक प्रयुक्त होने वाला होमियोपैथी कार्य है। यह कार्य क्षेत्रीय होमियोपैथी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में किया जा रहा है। फिलहाल इसका कार्य नए लक्षणों और औषधियों को विलियम बोरिक रेपर्टरी से केन्ट-रेपर्टरी में शामिल करने तक सीमित है। मुख और दांतों से सम्बन्धित अध्यायों का कार्य प्रकाशित किया जा चुका है तथा मन, सिर और श्वसन से संबंधित अध्यायों पर कार्य चल रहा है।

5.2 परिषद् ने संधियों का जोड़ों ओर संयोजी ऊतकों से संबद्ध रोगों में फायदेमंद होमियो औषधियों के चिकित्सीय आंकड़ों के संकलन का कार्य हाथ में लिया है। यह कार्य केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता में किया जा रहा है। संकलन का कार्य पूरा हो जाने पर उसे इस व्यवसाय के लाभ के लिए प्रकाशित किया जायेगा।

5.3 आलोच्य वर्ष के दौरान परिषद् ने एक प्रलेखन केन्द्र की स्थापना भी की है, जिसमें विशेष रूप से परिषद् के लिए उपयोगी विषयों और सामान्य रूप से व्यवसाय में कार्यरत लोगों के उपयोग के लिए प्रलेख और संदर्भ ग्रंथ सूचियां तैयार की जायेंगी। प्रलेखन केन्द्र परिषद् के वैज्ञानिकों के उपयोग के लिए एक संदर्भ-पुस्तकालय खोल रहा है ताकि उनका अनुसंधान कार्य आगे बढ़ सके। केन्द्र ने परिषद् के त्रैमासिक बुलेटिन के प्रकाशन का कार्य भी आरम्भ किया है। आशा है कि एक बार पूर्ण रूप से विकसित हो जाने के बाद यह केन्द्र परिषद् के वैज्ञानिकों और पूरे विश्व के व्यवसायरत लोगों में होमियोपैथी से संबंधित ज्ञान का प्रचार-प्रसार करेगा।

6. औषधीय पौधों का सर्वेक्षण और संग्रहण

परिषद् ने सन् 1981 में तमिलनाडु के उटकमंड स्थित उदगमंडलम नामक स्थान पर औषधीय पौधों के सर्वेक्षण और संग्रहण का एक एकक खोला है। यह एकक आरम्भ में ही स्थापित किया गया था। यह एकक उन क्षेत्रों का सर्वेक्षण करता है जहां होमियोपैथी महत्व के औषधीय पौधे और जड़ी-बूटियां काफी पायी जाती हैं। यहां उन्हें एकत्र किया जाता है। यह एकक अनुसंधान कार्य के मानकीकरण के लिए अपरिष्कृत (कच्चा) होमियोपैथी औषधियों औषधिमानकीकरण एककों में भी भेजता है।

आलोच्य वर्ष के दौरान उट्टयम, चारूथुट्टी, त्रिचारापल्ली और उसके आसपास नागरकवाइल और उसके निक के इलाकों तथा इडुक्की में सर्वेक्षण कार्य किया गया। इन सर्वेक्षणों के दौरान लगभग एक सौ औषधी पौधों का संग्र किया गया। इस एकक ने इन पौधों के पादपाला-पत्र (हर्बेरियम शीट) तैयार करके सुरक्षित रखे हैं। इन सर्वेक्षणों दौरान सम्बद्ध औषधीय पौधों की स्थानीय जानकारी भी एकत्रित की गई।

आगे का कार्य प्रगति पर है।

वैज्ञानिक सूचना सेवा

प्रलेखन केन्द्र ने होमियोपैथी में वैज्ञानिक सूचना के वर्गीकरण का कार्य हाथ में लिया है और आवश्यकता पड़ने पर यह परिषद् के वैज्ञानिकों तथा व्यवसायरत लोगों को सूचना प्रदान करता रहता है।

आलोच्य वर्ष के दौरान इसने विभिन्न लोगों की समस्याओं के बारे में उनको जानकारी दी है। आशा है कि पूर्णतया विकसित हो जाने पर यह पूरी दुनिया में व्यवसायरत लोगों की वैज्ञानिक आवश्यकताओं की भलीभांति पूर्ति करेगा।

बैठकें, संगोष्ठियां गोष्ठियां और सम्मेलन

परिषद् की उपलब्धियों का निर्धारण और मूल्यांकन करने और भावी कार्यक्रम की सिफारिश करने के लिए वैज्ञानिक सलाहकार समिति की दो बार बैठकें हो चुकी हैं। परिषद् की वित्तीय आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श करने तथा शासक मंडल को सिफारिश करने के उद्देश्य से स्थायी वित्त समिति की केवल एक बार बैठक हुई है।

परिषद् ने अपनी उपलब्धियों और प्रगति को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से जून, 1981 में केन्द्रीय स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण परिषद् की बैठक के दौरान विज्ञान भवन में एक प्रदर्शनी आयोजित की।

प्रशिक्षण सेवाएं

